तापमान
अधिकतम 34.6 डिग्री
न्यूनतम 25.4 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 19 सितंबर 2025

09 ताइक्वांडो चैंपियनशिप में लिटल एंजल्स स्कूल के खिलाड़ी



10 वार्ड 20 में 1.45 करोड़ की लागत से होने वाले विकास कार्यों का किया शुभारंभ



## खबर संक्षेप

### तीन किशोरियां लापता अपहरण की आशंका

**सोनीपत।** गांव बढ़मलिक से दो अलग-अलग किशोरियां संदिग्ध हालात में लापता हो गईं। किशोरी की उम्र 17 साल और दूसरी की 16 साल बताई जा रही है। परिजनों ने अज्ञात लोगों पर अपहरण कर बंधक बनाने का आरोप लगाया है। गांव जठेड़ी से 16 वर्षीय किशोरी घर से लापता हो गई। परिजनों ने अज्ञात पर अपहरण कर बंधक बनाने के आरोप लगाए हैं।

### बैयापुर खुर्द से युवक लापता, अपहरण का केस

**सोनीपत।** बैयापुर खुर्द गांव से 18 वर्षीय युवक अचानक लापता हो गया। युवक के परिजनों ने भी अज्ञात व्यक्ति पर उसे जबरन ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है।

### फोन छीनने के आरोपी से बाइक व फोन बरामद

सोनीपत। कुण्डली पुलिस ने फोन छीनने के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर उससे फोन व बाइक बरामद कर ली हैं। आरोपी की पहचान दिल्ली के बवाना निवासी मोहम्मद सलमान के रूप में हुई है। मोहम्मद मोजम्मील ने कुंडली पुलिस को सितंबर 2025 में शिकायत दी थी। जिसमें गांव से लौटते समय नाथुपुर मोड़ के पास बाइक सवार दो युवकों पर फोन छीनने का आरोप लगाया था।

किसान संगठनों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर जताया अपना विरोध

# महापंचायत का सीएम के नाम 11 सूत्रीय मांगपत्र धान व बाजरे की खरीद की मांग, मंडी में अनशन

किसान संगठनों ने अलग-अलग मांगों को लेकर बृहस्पतिवार को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया गांव बड़वासनी, बागडू व महलाना के किसानों ने खेतों से पानी निकासी की मांग की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

लघु सचिवालय के गेट पर बृहस्तपतिवार को भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) के बैनर तले किसानों ने अनशन किया। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि कि मंडियों में बाजरा और पीआर धान की सरकारी खरीद शुरू की जाए। किसानों ने सांकेतिक रूप से सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक अनशन रखा। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांग को पूरा नहीं किया तो 22 सितंबर को कुरुक्षेत्र स्थित मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा।

भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यवान नरवाल ने बताया कि किसानों का प्रतिनिधिमंडल एक सप्ताह पहले मुख्यमंत्री से मिला था। किसानों ने मुख्यमंत्री को बताया कि पहले धान की फसल 100 से 110 दिन में पकती थी, अब 90 दिन में फसल पककर तैयार हो रही है। सरकार 1 अक्तूबर से सरकारी खरीद शुरू करती थी, अब फसलें पककर तैयार है और किसान मंडियों में फसलें लेकर पहुंच रहे हैं। जिन क्षेत्रों में बाजरा अधिक होता है, उन क्षेत्रों की मंडियां बाजरे से भरी हुई हैं। जिन क्षेत्रों में पीआर धान अधिक उगाया जाता है, उन क्षेत्रों की मंडियों में पीआर धान पहुंचना शुरू हो गया है। लेकिन सरकार ने बाजरे और पीआर धान की सरकारी खरीद प्रक्रिया को शुरू नहीं किया है। जिसके चलते किसानों को परेशानी हो रही है।

किसान नेता रोहताश बैनीवाल ने बताया कि इस साल बारिश की वजह से किसानों को काफी नुकसान हुआ है।

### हर माह दूसरे मंगवार को सुनेंगे शिकायत

**सोनीपत।** भारतीय किसान यूनियन (एकता सिद्धूपुर) की जिला कमेटी ने बुधवार को जिला मुख्यालय पर जिला प्रधान बेदी दहिया ने की अध्यक्षता में महापंचायत हुई। जिसका संचालन राई ब्लॉक प्रधान अशोक पहलवान ने किया। पंचायत के बाद किसानों ने अपनी मांगों को लेकर डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। किसानों ने मांग रखी कि हर महीने एक दिन डीसी व अधिकारी किसानों की समस्याओं को सुनें। इस पर डीसी ने आश्वासन दिया कि हर महीने के दूसरे मंगलवार को दोपहर 12 से 1 बजे तक वे किसानों की समस्याएं सुनेंगे और समाधान का प्रयास करेंगे।

उन्होंने मांग करते हुए कि क्षतिपूर्ति पोर्टल को फिर से ओपन किया जाए और 30 सितंबर तक किसानों को पंजीकरण का मौका दिया जाए। फसल गिरदावरी के दौरान किसान के सामने ही नुकसान का फार्म भरा जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि फसलों में नुकसान 70 से 100 फीसदी होता है, लेकिन गिरदावरी ठीक न होने से किसानों को उचित मुआवजा नहीं मिल पाता। इस दौरान रविंद्र मुरथल, राजेश दहिया, कृष्ण मलिक, वजीर नरवाल समेत अन्य किसान मौजूद रहे।

## तीन गांव, 200 एकड़ भूमि, सड़ने लगी फसल, प्रदर्शन

- बड़वासनी, बागडू व महलाना के किसान ने मांगा मुआवजा

**सोनीपत।** बड़वासनी, बागडू व महलाना गांव के खेतों में पानी निकासी न होने से 200 एकड़ फसल सड़ने लगी है। आर्थिक नुकसान होने से परेशान किसानों ने बृहस्पतिवार को लघु सचिवालय में पहुंचकर प्रशासन व सिंचाई विभाग के खिलाफ रोष जताया। एसडीएम सुभाष चंद्र से मिलकर खेतों से पानी निकासी की मांग की। एसडीएम ने सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता को कॉल करके जल्द खेतों से पानी निकालने के निर्देश दिए। पार्षद संजय बड़वासनी, हवा सिंह, सुनील, आजाद सिंह, बलजीत, वीरेंद्र, करतार ने बताया कि तीन गांव के खेतों में कई फुट पानी भरा हुआ है। ज्वार, धान व सब्जियों की फसल नष्ट हो गई है। समय रहते पानी नहीं निकला तो अगली फसल भी बर्बाद हो जाएगी। अगली फसल की बुवाई नहीं हो पाएगी। सिंचाई विभाग के अधिकारी मनमानी कर रहे हैं बार-बार शिकायत करने के बावजूद भी पानी निकासी के लिए कोई भी प्रबंध किया गया है। विभाग के पास मात्र 25 पंप है जो चलते ही खराब हो जाते हैं। किसान खुद अपने पैसे लगाकर पानी निकासी कर रहे है। जिससे उन्हें भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। ईश्वर, सूरज, कुलदीप, प्रदीप, जोगिंद्र, महावीर ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर प्रशासन ने जल्द पानी निकासी का प्रबंध नहीं किया तो वह पशुओं, बच्चों के साथ लघु सचिवालय में डेरा डालने के लिए मजबूर हो जाएंगी। सरकार से मांग है कि सरकार किसानों को प्रति एकड़ 50 हजार मुआवजा दे और खेतों से पानी की निकासी जल्द कराए।

### ये मांगें रही शामिल

- ▶▶ आईएमटी विस्तार के लिए किसानों की सहमति के बिना न किया जाए जमीन का अधिग्रहण।
- ▶▶ सरकार जल्द शुरू करें धान, बाजरा व नरमे की खरीद
- ▶▶ सोनीपत शुगर मिल का टेंडर कर 5 नवंबर से मिल शुरू कराई जाए।
- ▶▶ बारिश और बाढ़ से खराब हुई फसलों का प्रति एकड़ 50,000 रुपये दिया जाए मुआवजा।
- ▶▶ हाईटेंशन लाइन के लिए घोषित मुआवजा नीति को पारदर्शी तरीके से लागू करने की मांग।
- ▶▶ डीएपी का पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित करने व किसानों को जबरदस्ती नैनो यूरिया न देने की मांग।
- ▶▶ तहसीलों में भ्रष्टाचार पर लगाई जाए रोक।
- ▶▶ केएमपी के लिए अधिग्रहित जमीन का बढ़ा हुआ मुआवजा शीघ्र दिया जाए।
- ▶▶ स्मार्ट मीटर लगाने से किसानों पर अतिरिक्त भार न डाला जाए।

# किसानों को मंडियों में मिले सभी सुविधाएं: डीसी

- खरीफ फसल की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

अनाज मण्डी में फसल बेचने के लिए आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए धान खरीद केंद्रों पर सभी मूलभूत सुविधाएं समय रहते उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में पेयजल, साफ-सफाई, बिजली, शौचालय, तुलाई मशीन, बोरी और तिरपाल आदि की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उपायुक्त सुशील सारवान ने गुरूवार को लघु सचिवालय में खरीफ खरीद सीजन की तैयारियों को लेकर संबंधित सभी अधिकारियों की बैठक ली और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। धान की खरीद समय पर और पारदर्शिता के साथ की जानी चाहिए। किसानों के फसल के भुगतान तय समय



अधिकारियों के साथ बैठक करते उपायुक्त।

सीमा में हो उसके लिए किसी भी प्रकार की देरी न हो। इसके लिए मार्केटिंग बोर्ड, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग तथा आढ़तियों आपस में समन्वय बनाए रखें। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग अपने-अपने स्तर पर तैयारियां समय रहते पूरी करें और नियमित रूप से रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि खरीद सीजन की तैयारी को लेकर वे अपने से संबंधित मण्डियों का निरीक्षण करें और अगर वहां किसी प्रकार की कोई कमी है तो उसे तुरंत दूर करवाएं। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन, एसडीएम गोहाना अंजलि श्रात्रिय, नगराधीश डा. अनमोल तथा डीएफएससी मनीषा सहित संबंधित सभी अधिकारी मौजूद रहे।

### खरीफ फसलों की खरीद के लिए सात मंडिया निर्धारित

उपायुक्त ने बताया कि जिला में धान की खरीद के लिए जिला की सात मण्डियां अलॉट की गई हैं, जिनमें गन्नौर, गोहाना, सोनीपत, खरखौदा, कथूरा, कासंडी तथा जाखौली शामिल है। इसके अलावा बाजरे की खरीद के लिए तीन मण्डियां अलॉट की गई है, जिनमें खरखौदा, सोनीपत व गोहाना की मण्डी शामिल है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा कॉमन धान के लिए 2369 तथा ग्रेड-ए धान के लिए 2389 रूपये प्रति क्विंटल रेट निर्धारित किया गया है। इसके अलावा बाजरा 2775 रूपये प्रति क्विंटल तथा मक्का 2400 रूपये प्रति क्विंटल रेट निर्धारित किया गया है।

# व्यापारी का अपहरण करने वाले 5 बदमाश काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

क्राइम यूनिट गोहाना की पुलिस टीम ने व्यापारी का अपहरण व फिरौती मांगने की घटना में पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने रैकी करके व्यापारी का अपहरण किया था। गिरफ्तार आरोपित आरजू, सोनू, गौरव, रामपाल और प्रवीन हैं। सीआईए गोहाना के इंचार्ज निरीक्षक अंकित कुमार ने पुलिस आयुक्त सोनीपत ममता सिंह व पुलिस उपायुक्त क्राइम नरेंद्र काद्यान के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की।

सहायक पुलिस आयुक्त गोहाना राहुल देव ने बताया कि एक व्यक्ति ने 16 सितम्बर को बरोदा पुलिस थाने में उसके अपहरण की शिकायत दी थी। उनकी गोहाना में



जींद मार्ग पर फैक्ट्री है। 16 सितम्बर को प्रातः 11 बजे वह अपनी कार में सवार होकर अपनी फैक्ट्री में जा रहा था। रास्ते में एक कार ने उनकी कार को टक्कर मार दी।

इसके बाद उक्त कार का चालक कार से उतरकर आया और उन पर गन तान कर उनका मोबाइल फोन छीन लिया। दूसरी गाड़ी में चार अन्य व्यक्ति सवार थे, जो सभी हथियारों से लैस थे। ये सभी व्यापारी को उसी की गाड़ी में जबरन बैठाकर ले गए। बदमाशों ने व्यापारी की आंखों पर पट्टी बांध दी। वे व्यापारी को खेतों में किसी कमरे में ले गए। बदमशों ने व्यापारी से कहा कि वह जीना चाहता है या मरना। उसे यह खुद तय करना है।

### 5 करोड़ मांगी थी फिरौती

आरोपितों ने व्यापारी से 5 करोड़ की फिरौती मांगी थी। कुछ देर एक व्यक्ति आया व उसने पैसे को लेकर काफी देर तक बार्गेनिंग करने के बाद फिरौती के 50 लाख रुपये तय कर लिए। 17 सितम्बर को 152-डी हाइवे पर पैसे लेने का समय तय किया गया।

### वीडियो वायरल करने की दी थी धमकी

व्यापारी ने पुलिस को बताया कि आरोपितों ने कपड़े उतरवाकर उसकी विडियो भी बनाई। आरोपितों ने शिकायत करने पर व्यापारी को वीडियो वायरल करने, उसकी फैक्ट्री में आग लगाने और उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। बदमाशों ने व्यापारी को उसकी गाड़ी की चाबी और मोबाइल लौटा दिया और उसकी गाड़ी में रखे एक लाख रुपये निकाल लिए।

# अरूण के परिवार ने एकाउंटर को बताया फर्जी, जांच की मांग

- बुधवार देर शाम गाजियाबाद में हुई मुठभेड में मारे गए थे देविंद्र और अरूण, हरियाणा, दिल्ली व यूपी एसटीएफ के साथ हुई थी मुठभेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गाजियाबाद के ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र में बुधवार शाम हुए पुलिस एनकाउंटर में मारे गए सोनीपत निवासी अरुण की मौत ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। मयूर विहार कॉलोनी में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का आरोप है कि अरुण निर्दोष था और उसे फर्जी मुठभेड़ में मारा गया है।

अरुण के पिता राजेंद्र सिंह और मां सविता का रो-रोकर बुरा हाल है। मां ने बताया कि बुधवार दोपहर करीब 3 बजे अरुण ने कहा था कि वह दोस्तों के साथ हरिद्वार जा रहा है और सुबह तक



अरूण व रविंद्र का फाइल फोटो।

घर लौट आएगा। लेकिन देर शाम उनकी मौत की खबर आई। परिवार का कहना है कि अरुण का कभी किसी आपराधिक गतिविधि से कोई वास्ता नहीं रहा। परिजनों ने बताया कि छह महीने पहले ही परिवार ने 10-12 लाख रुपये का कर्ज लेकर नया मकान बनवाया है, जिसमें अभी तक दरवाजे-खिड़कियां और बिजली का कनेक्शन तक नहीं लग पाया। इसके लिए गांव का मकान और भैंसें बेचनी पड़ीं, यहां तक कि बेटियों के गहने भी गिरवी रखने पड़े।

### पांच साल से डायबिटीक था अरुण

परिजनों के अनुसार करीब 30 वर्षीय अरुण पिछले पांच साल से डायबिटीज का मरीज था। कई बार उसका शुगर लेवल 700-800 तक पहुंच जाता था, जिस कारण वह दवाइयों और इंसुलिन पर निर्भर रहता था। बीमारी की वजह से वह नियमित नौकरी या फैक्टरी में काम नहीं कर पाता था। एक साल पहले उसने 3-4 पशुओं के साथ डेयरी का छोटा कारोबार शुरू किया था।

### क्षेत्र में स्थिति संवेदनशील

फिलहाल परिवार अरुण की मौत को फर्जी एनकाउंटर बताकर न्याय की गुहार लगा रहा है, पुलिस अपनी कार्रवाई को सही ठहरा रही है। जिससे क्षेत्र में संवेदनशील माहौल बना है।

### पुलिस का दावा : मुठभेड़ असली

पुलिस का दावा है कि यह मुठभेड़ असली थी। पुलिस के अनुसार, एनकाउंटर के दौरान अरुण और रविंद्र अवैध पिस्टल से फायरिंग कर रहे थे। जवाबी कार्रवाई में दोनों घायल हो गए और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मौके से अवैध हथियार बरामद करने का भी दावा किया है। इस कार्रवाई में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल, उत्तर प्रदेश एसओजी और सोनीपत एसटीएफ की टीमें शामिल थीं। मौके पर दिल्ली पुलिस के एसीपी धर्मेंद्र सिंह और एसआई मंजीत सिंह, सोनीपत एसटीएफ से इंस्पेक्टर योगेंद्र कुमार व यूपी एसओजी प्रभारी अक्षय त्यागी अपनी टीमों के साथ मौजूद थे।

# किशोरी से दुष्कर्म करने के दोषी को 20 साल कैद और 52 हजार लगाया जुर्माना

- बुआ के घर रहती थी 14 वर्षीय किशोरी, पड़ोसी युवक ने होटल ले जाकर किया था दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

एडीजे नरेंद्र की अदालत ने किशोरी को बहकाकर ले जाने के बाद दुष्कर्म करने के आरोपित को दोषी मानते हुए 20 साल की कैद और 52 हजार जुर्माना भी किया गया है।

महिला ने 24 जून, 2024 को शहर पुलिस को बताया था कि उनकी 14 साल की बेटी दसवीं कक्षा में पढ़ती हैं। उनकी बेटी उनकी ननद के घर पर रह रही थी। जब वह वहां गई तो पता लगा कि उनकी बेटी तीन-चार दिन से ठीक से खाना नहीं खा रही है। उसका व्यवहार भी बदला हुआ है। उसने बेटी से पूछा तो उसने बताया कि पड़ोस में रहने वाला सुमित उर्फ टीनू उसे 17 जून, 2024 को बहकाकर एक होटल में ले गया था। वहां पर उसके साथ दुष्कर्म किया था। महिला ने मामले की शिकायत पुलिस को दी थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित सुमित को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने मामले में होटल में जाकर सबूत भी जुटाए थे। मामला तभी से अदालत में विचाराधीन था। ममाले की सुनवाई पूरी करने के बाद अदालत ने आरोपित सुमित को दोषी करार दिया। बृहस्पतिवार को अदालत ने दोषी को 4 पॉक्सो एक्ट 20 साल कठोर कारावास व 50 हजार रुपये जुर्माना तथा बहकाकर ले जाने में तीन साल कैद व दो हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है।

# शराब तस्कर गिरफ्तार, संतरा ब्रॉड के 1200 पव्वे किए बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- गाड़ी में सोनीपत से गाजियाबाद ले जाई जा रही थी शराब

थाना राई पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी करने वाले आरोपित को शराब सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान शोमिन उर्फ सोनू निवासी अगरौला, जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। थाना राई पुलिस टीम के उपनिरीक्षक राहुल को सोनीपत से गाजियाबाद शराब तस्करी की सूचना मिली। जिसके बाद उन्होंने टीम के साथ सोनीपत-गाजियाबाद रोड पर नाकाबंदी की।

कुछ देर बाद संदिग्ध गाड़ी को रोककर चालक को काबू किया गया, जिसकी पहचान शोमिन उर्फ सोनू के रूप में हुई। तलाशी लेने पर गाड़ी से 25 पेटियां देशी शराब मार्का संतरा पव्वा बरामद हुईं। प्रत्येक पेटी में 48-48 पव्वे थे, जिनकी कुल संख्या 1200 निकली। आरोपी शराब और गाड़ी से संबंधित कोई परमिट या लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका। बरामद गाड़ी के कागजात भी उपलब्ध नहीं कराए गए।

पुलिस ने आरोपित के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया। आगे की कार्रवाई में थाना राई के उपनिरीक्षक सतीश ने आरोपित शोमिन को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि शराब की सप्लाई कहां से लाई गई थी और इसमें और कौन-कौन शामिल है।

## अवैध कॉलोनियों में प्लाट न खरीदें आमजनः डीटीपी

# मनौली व बाजिदपुर में तोड अवैध निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

महानगर विकास प्राधिकरण (एसएमडीए) से जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) नीलम शर्मा ने बताया कि जिले में अवैध निर्माणों को प्रारंभिक चरण में ही ध्वस्त करने के लिए उपायुक्त सुशील सारवान के निर्देशानुसार प्रशासन द्वारा सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरूवार को एसएमडीए की टीम ने गांव मनौली में अतिरिक्त नियंत्रित क्षेत्र में लगभग 126 वर्ग मीटर में बनाए जा रहे अवैध निर्माण पर कार्रवाई करते हुए दो कमरों तथा बाजिदपुर सबौली की राजस्व भूमि पर भंडारण सामग्री के लिए बनाए



गए अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। उन्होंने कहा कि नियंत्रित क्षेत्र में किसी भी तरह का निर्माण करने से पूर्व एसएमडीए के सीईओ से अनुमति लेना अनिवार्य है अन्यथा अवैध निर्माण किसी भी समय गिराया जा सकता है।

### यहां से लें जानकारी

कोई भी नागरिक संबंधित जानकारी के लिए सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण कार्यालय, चौथा तल, काराधान विभाग, सेक्टर-12, सोनीपत में सम्पर्क कर सकता है। डीटीपी ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट पीब्ल्यूडी विभाग से एसडीई राकेश कुमार तथा एसएमडीए इंफोर्रसमेंट व पुलिस टीम की मौजूदगी में की गई।

### अवैध कॉलोनियों में नहीं मिलेंगी मूलभूत सुविधाएं

एसएमडीए डीटीपी नीलम शर्मा ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें। ऐसी कॉलोनियों में सरकार द्वारा कोई भी मूलभूत सुविधा जैसे सडक, पानी, सीवरेज या बिजली प्रदान नहीं की जाती। इससे आपकी मेहनत की कमाई जोखिम में पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि प्लॉट खरीदने से पूर्व यह सुनिश्चित करें कि संबंधित कॉलोनी नियमानुसार स्वीकृत है अथवा नहीं।

# सनफेड़ा के 2 गुटों में खूनी संघर्ष लाठी-डंडे व हथियार चले, 4 गंभीर

- पुरानी रंजिश बताई जा रही विवाद की वजह, एक दूसरे को जिम्मेदार ठहरा रहे दोनों पक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सनफेड़ा गांव में सोमवार देर शाम दो पक्षों के बीच हुए विवाद ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया। दोनों ओर से लाठी-डंडों और धारदार हथियारों के साथ हुई भिड़ंत में एक पक्ष के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही घायलों के परिजन उन्हें तुरंत नागरिक अस्पताल सोनीपत लेकर पहुंचे। वहां मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद चारों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। घायलों की पहचान अभी तक सार्वजनिक नहीं की गई है। परिजनों का आरोप है कि घटना के पीछे पुरानी रंजिश है और विपक्षी पक्ष ने सोची-समझी साजिश के तहत हमला किया।

### आरोपियों की कर रहे पहचान

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। मौके से सबूत इकट्ठा किए व दोनों पक्षों के लोगों से पूछताछ शुरू की। गांव में तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है। स्थिति पर नजर रखी जा रही है। जल्द ही आरोपी गिरफ्तार कर लिए जाएंगे।

haribhoomi.com

हरिभूमि बालभूमि

रोहतक शुक्रवार 19 सितंबर 2025

छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित


स्पेशल: बैटमैन-डे, 20 सितंबर

बच्चो, तुमने बैटमैन की कॉमिक्स पढ़ी होंगी या फिर उसकी फिल्में जरूर देखी होंगी। तुममें से कई बच्चों का तो फेवरेट कॉमिक सुपर हीरो बैटमैन होगा। दुनिया के सबसे फेमस फिक्शनल कैरेक्टर्स में से एक बैटमैन से जुड़ी कुछ अमेजिंग और इंटरेस्टिंग बातें यहां बता रहे हैं।

# इंटेलिजेंट-टेक्नोस्मार्ट वॉरियर कॉमिक सुपर हीरो बैटमैन

फिक्शनल कैरेक्टर

शिखर चंद जैन





बच्चो, तुम बैटमैन के कॉमिक्स खूब चाव से पढ़ते होगे। टीवी पर उसके कार्टून फिल्म्स या बैटमैन सीरीज की मूवीज भी देखी होंगी। तुम्हें पता है, इस सुपरहीरो कार्टून कैरेक्टर बैटमैन को याद करने के लिए एक खास दिन निश्चित किया गया है? हर साल सितंबर महीने के तीसरे शनिवार को बैटमैन-डे मनाया जाता है। इस बार बैटमैन-डे कल यानी 20 सितंबर को मनाया जाएगा। इस मौके पर जानो, बैटमैन से जुड़ी कुछ अमेजिंग-इंटरेस्टिंग बातें।

**साहसी-चतुर और टेक्नो एक्सपर्ट:** जहां अधिकतर कॉमिक सुपरहीरोज अपनी आलौकिक शक्तियों यानी सुपर नेचुरल पॉवर्स के लिए जाने जाते हैं। अपनी इन्हीं शक्तियों के दम पर वे विलेन पर जीत हासिल करते हैं। वहीं बैटमैन के पास कोई सुपर नेचुरल पॉवर नहीं है। उसका साहस, स्ट्रेटजी बनाने की स्किल, हार्ड ट्रेनिंग, बुद्धिमत्ता और टेक्नोलॉजी यूज करने की काबिलियत उसे उसके लक्ष्य तक पहुंचाती हैं और जीत दिलाती है। वह 127 मार्शल आर्ट फॉर्म्स में एक्सपर्ट है।

**86 साल पुराना कैरेक्टर:** बैटमैन को पहली बार अब से 86 साल पहले मई 1939 में डिटेक्टिव कॉमिक्स के 27वें अंक में पेश किया गया था। इसमें बैटमैन की इमेज क्रिएट की थी आर्टिस्ट बॉब केन ने और इसके लेखक थे, बिल फिंगर।

**छा गया हर ओर:** शुरुआती दिनों में तो बैटमैन को स्टोरी कॉमिक्स कैरेक्टर के रूप में पढ़ा जाता था। लेकिन कुछ ही समय में बैटमैन का कैरेक्टर इतना फेमस हुआ कि यह कॉमिक्स से आगे बढ़कर फिल्मों, टीवी शोज, वीडियो गेम्स और यहां तक कि कई सारे प्रोडक्ट्स के ब्रांड के रूप में भी दिखाई देने लगा।

**बहुत अमीर है बैटमैन:** बैटमैन का मूल नाम ब्रूस वेन है। सामान्य अवस्था में वह इसी रूप में रहता है। ब्रूस वेन को अकसर कॉमिक बुक के इतिहास में सबसे धनी पात्रों में से एक के रूप में चित्रित किया जाता है, जिसकी अनुमानित संपत्ति अरबों में है। ब्रूस वेन के इनकम का मुख्य सोर्स उसके परिवार की कंपनी वेन एंटरप्राइजेज है।

**जानता है कई भाषाएं:** बैटमैन कुल दस भाषाओं में बात कर सकता है। इनमें से सात भाषाएं वह धाराप्रवाह बोलता है। ये भाषाएं हैं- कैंटोनीज स्वाहिली, जापानी, स्पेनिश, फ्रेंच, अंग्रेजी, रूसी और इतालवी। साथ ही जर्मन और वियतनामी दो भाषाएं ठीक-ठाक और एक भाषा क्रिप्टोनियन अटक कर कामचलाऊ बोलता है।

**बैटमैन की हेल्प करते हैं रॉबिंस:** बैटमैन के कई सहायक पात्र भी हुए हैं, जिन्होंने रॉबिन की भूमिका निभाई है। जिनमें डिक ग्रेसन, जेसन टॉड, टिम ड्रेक और डेमियन वेन शामिल हैं। हर रॉबिन की अपनी अनूठी कहानी है और विशेषताएं हैं।

**सीक्रेट हेडक्वार्टर है बैटकेव:** बैटमैन का गुप्त मुख्यालय यानी सीक्रेट हेडक्वार्टर बैटकेव है। यह कई तरह की सुविधाओं से युक्त है, जिसमें बैटकंप्यूटर और बैटमोबाइल जैसी कई सुपर पॉवरफुल चीजों का संग्रह शामिल है।

**बैटमैन का शहर गोथम सिटी:** उत्तरपूर्वी संयुक्त राज्य अमेरिका का एक काल्पनिक शहर है गोथम सिटी, जो डीसी कॉमिक्स द्वारा प्रकाशित अमेरिकी कॉमिक बुक्स में प्रदर्शित होने वाला प्रमुख शहर है। गोथम सिटी सुपरहीरो बैटमैन, उसके सहयोगियों और दुश्मनों के घर के रूप में जाना जाता है। गोथम को अकसर एक अंधकारमय और अपराध-ग्रस्त शहर के रूप में दर्शाया जाता है। यहां अपराध और भ्रष्टाचार होते रहते हैं।

**बैट-सिग्नल से बुलाते हैं बैटमैन को:** बैट-सिग्नल को पहली बार 1940 के दशक में गोथम सिटी पुलिस द्वारा बैटमैन को बुलाने के एक तरीके के रूप में पेश किया गया था। यह गोथम के नागरिकों के लिए आशा का प्रतीक है। जब भी बैटमैन को बुलाना होता है, बैट सिग्नल भेजा जाता है। *



## बैटमैन से जुड़ी कुछ और रोचक बातें

- बैटमैन के एक चाचा हैं, जिनका नाम फिलिप है।
- उसकी मां का नाम मार्था वेन है। इसे केन के नाम जाना जाता है।
- बैटमैन ने एक निजी जासूस हार्वे हैरिस के मार्गदर्शन में जासूस बनना सीखा।
- बैटमैन ने टेड ग्रांट (वाइल्डकैट) से मुक्केबाजी सीखी।
- बैटमैन के सूट पर कई बार इंद्रधनुषी पैटर्न बना हुआ दिखाया जाता है।
- बैटमैन का पसंदीदा व्यंजन मुलिगाटावनी सूप है।
- बैटमैन का एक 'दत्तक पुत्र' है, जिसका नाम जारो है। जारो एक जार में स्टारो (विशाल मानसिक तारामछली) का एक टुकड़ा है।

विशेष: रेड पांडा-दिवस, 20 सितंबर

बेहद क्यूट-सा दिखने वाला रेड पांडा दुनिया में कुछ ही इलाकों में पाया जाता है। इसको बचाए रखने को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए हर साल रेड पांडा दिवस मनाया जाता है। इस दिन के महत्व और इस जंतु की विशेषताओं के बारे में जानो।

# ताकि बचा रहे प्यारा अनोखा रेड पांडा

अनोखा जंतु / के.पी. सिंह



बच्चो, रेड पांडा दुनिया के सबसे खूबसूरत जंतु प्रजातियों में से एक है। इसे लेसर पांडा, फायरफॉक्स जैसे नामों से भी जाना जाता है। वनों की अंधाधुंध कटाई, अवैध शिकार करने, इनके आवास के खात्मे और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों के चलते यह प्यारा-सा जंतु प्रजाति लुप्त होने के कगार पर पहुंच गया है। रेड पांडा की तेजी से कम होती संख्या को देखते हुए 'रेड पांडा नेटवर्क' संस्था द्वारा 18 सितंबर 2010 को पहली बार अंतरराष्ट्रीय रेड पांडा दिवस का आयोजन किया गया। तब से प्रत्येक वर्ष सितंबर माह के तीसरे शनिवार को अंतरराष्ट्रीय रेड पांडा दिवस मनाया जाता है।

**क्यों मनाते हैं रेड पांडा दिवस:** दुनिया भर के लोगों को रेड पांडा को बचाने का संदेश देने के लिए यह विशेष दिवस मनाया जाता है। रेड पांडा का दुनिया में अस्तित्व इसलिए जरूरी है, क्योंकि अपने पारिवारिक वर्ग में यह एकमात्र बची जीव प्रजाति है, जो जैव विविधता में इसकी अनोखी भूमिका और महत्व को दर्शाती है।



**होते हैं कई आयोजन:** रेड पांडा दिवस मनाने के लिए दुनियाभर के ऐसे चिड़ियाघरों में जहां रेड पांडा मौजूद हैं, विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस दिन रेड पांडा की देख-रेख करने वाले केयरटेकर, चिड़ियाघर घूमने आने वाले लोगों से इनके लुप्तप्राय होने के बारे में बताते हैं। लोगों को इनके महत्व को समझाते हैं कि किस तरह इनके बचाने से हमारी विविध पारिस्थितिकी तंत्र का बचाव संभव है। सोशल मीडिया में इस दिन कई तरह के अभियान चलाए जाते हैं, जैसे- हैश टैग सेव रेड पांडा, हैश टैग इंटरनेशनल रेड पांडा डे और हैश टैग आईआरपीडी आदि। पर्यावरण-जैव विविधता संरक्षण से जुड़े लोगों और संगठनों द्वारा आम लोगों को धरती पर रेड पांडा के अस्तित्व को बनाए रखने में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इस मासूम जंतु प्रजाति को कैसे अवैध शिकार और व्यापार से बचाया जाए, इस बारे में भी विचार किया जाता है।

**कहां पाया जाता है रेड पांडा:** रेड पांडा मुख्य रूप से पूर्वी हिमालय के ऊंचे-घने बांस के जंगलों में पाया जाता है। यह भारत, नेपाल, चीन, म्यांमार और भूटान में खासतौर से पाया जाता है। जहां तक अपने देश में रेड पांडा की मौजूदगी का सवाल है तो ये मुख्यतः पूर्वोत्तर के हिमालयी क्षेत्रों में खासकर सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग क्षेत्र में पाया जाता है। देश में करीब 10 ऐसे नेशनल पार्क और सैंचुरी हैं, जहां रेड पांडा को संरक्षित किया गया है। इसके अलावा, दार्जिलिंग के 'फ्रोजन जू' की पहल पर रेड पांडा का डीएनए संरक्षित किया जा रहा है। इस तकनीकी पहल से भारत में रेड पांडा प्रजाति का संरक्षण लंबे समय तक के लिए किया जा सकता है। *

मजेदार किताब / चंद्रप्रकाश

# खेलगीतों का अनूठा संकलन



बच्चो, तुम कोई-न-कोई ऐसा खेल जरूर खेलते होगे, जिसे खेलते हुए गीत या जिंगल्स गाए जाते हैं। रंग-बिरंगे चित्रों से सजी-संवरी यह किताब 'गुमनाम खेलगीत' ऐसे ही खेलगीतों का अनूठा संकलन है। इस किताब में खेल-खेल में गाए जाने वाले अड़तीस छोटे-छोटे गीतों को संग्रहित किया गया है। इनमें से कई गीतों से तुम पहले से भी परिचित होगे क्योंकि तुमने भी खेलते हुए इन गीतों को कभी-न-कभी जरूर गाया होगा या गाते हुए खेल जरूर खेला होगा। कुछ तुक वाले तो कुछ बेतुके से लगने वाले, कुछ जाने-पहचाने, कुछ बिल्कुल नए-से ये खेलगीत तुम्हें खूब पसंद आएंगे। इस किताब की खास बात यह है कि इसमें संकलित इन गीतों को तुम्हारी ही उम्र के, छठी से लेकर नवीं कक्षा में पढ़ने वाले कई बच्चों ने मिलकर कलमबद्ध किया है। किताब के अंत में एक जगह उन खेलों को खेलने का तरीका भी बताया गया है, जिनके साथ ये खेलगीत गाए जाते हैं। *

**किताब:** गुमनाम खेलगीत, **लेखक:** अंकुर लेखक समूह, **चित्र:** पूजा के मेनन, **मूल्य:** 80 रुपए, **प्रकाशक:** एकलव्य फाउंडेशन, भोपाल और अंकुर सोसाइटी, दिल्ली


## हंसगुल्ले

**नैंसी:** मिनी की मम्मी को सब क्या कहकर बुलाते हैं?
**नव्या:** ये तो मुझे नहीं पता, तुम बताओ।
**नैंसी:** मिनीमम (मिनी-मम)।
-खुशबू, ईमेल से

**पापा:** गाड़ी का पेट्रोल खत्म हो गया है, अब आगे नहीं जा सकते।
**मीकू:** कोई बात नहीं पापा ! गाड़ी को रिवर्स कर लीजिए, वापस घर चलते हैं।
-कमल, रायपुर

**सोनू:** ऐसा कौन-सा सेंटेंस है, जो हम बच्चे क्लास में सबसे ज्यादा बोलते हैं?
**मोनू:** 'मुझे नहीं पता।'
**सोनू (हंसते हुए):** हां-हां, बिल्कुल सही।
-साकेत, बिलासपुर

## जीके क्विज-171



1. एशिया कप वूमेन हॉकी 2025 का खिताब किस देश ने जीता?
2. हाल में ही नियुक्त किए गए फ्रांस के नए प्रधानमंत्री का क्या नाम है?
3. देश के वर्तमान रेलमंत्री कौन हैं?
4. भारत का सर्वाधिक साक्षर राज्य कौन सा है?
5. भारत के 'मिसाइल मैन' के नाम से किसे जाना जाता है?
6. किस पठार को 'संसार की छत' कहा जाता है?
7. कौन-से दो विटामिन जल में घुलनशील होते हैं?
8. नाखून में कौन सा प्रोटीन पाया जाता है?
9. भारत के किस शहर को 'ब्लू सिटी' के नाम से जाना जाता है?
10. नीली क्रांति का संबंध किस क्षेत्र से है?

बच्चो, जीके क्विज-171 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-170 का उत्तर:** 1.दूसरा, 2.टीसीए कल्याणी, 3.सी.पी. राधाकृष्णन, 4. 14 सितंबर 1949, 5. 22 भाषाओं को, 6.सिक्किम, 7.न्यूटन, 8.सिद्धार्थ, 9.शेरशाह सूरी, 10.श्रीलाल शुक्ल

**जीके क्विज-170 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, आलोक-रायपुर, आद्या परी-मानपुर, रमेश-बैकुंठपुर,अश्विनी-राजनांदगांव, माधुरी-ईमेल से, भीमशंकर-डिंडौरी, नैतिक-मानपुर, ज्योति-बैकुंठपुर, आकाश-बिलासपुर



कहानी

विमला रस्तोगी

सामने शेर आ जाए तो बड़े-बड़े डर से कांप जाते हैं, लेकिन नन्ही चैताली के घर में जब शेर आ गया, वह डरी नहीं। उसने बहुत ही साहस और समझदारी से काम लिया। खूंखार शेर पकड़ा गया। चैताली ने यह कमाल कैसे कर दिखाया?

# साहसी चैताली



कक्षा आठ में पढ़ती है चैताली। पढ़ने में अच्छी है। उसकी दो छोटी बहने हैं- मनसा और विद्या। चैताली के पिता खेत पर काम करते हैं। मां भी साथ चली जाती हैं। समय मिलने पर चैताली भी खेतों पर चली जाती है। दिन छिपे भी खेत से अकेली लौट आती है। उसे जरा भी डर नहीं लगता। चैताली के पिता ने उसे साइकिल दिला दी है। वह पास की तहसील के बाजार में साइकिल से जाकर घर की जरूरत का सामान ले आती है। आस-पड़ोस वालों का भी सामान ला देती है।

चैताली अपनी पढ़ाई करने के साथ, अपनी दोनों छोटी बहनों को भी पढ़ाती है। आस-पास के घरों के बच्चों को भी होम वर्क करा देती है। गांव में सब उसको बहुत मानते हैं। वह सबकी मदद करने को तैयार रहती है।

चैताली के गांव में कच्चे-पक्के दोनों तरह के घर हैं। चैताली के घर के दो कमरे पक्के (सीमेंट-ईटों से) बने हैं। खाना बरामदे में बनता है। आगे सब खुला है। बस छोटी-छोटी लकड़ियों के सहारे पौधे लगाकर चार दीवारी-सी बना ली है। एक दिन शाम होने को थी। चैताली अपनी सहेली सोनिया के साथ कमरे में बैठी बातें कर रही थी। दोनों छोटी बहनें पड़ोस में गई थीं। तभी चैताली को शेर के गुर्राने की आवाज सुनाई दी। वह एकदम चौकन्नी हो गई। सहेली को मुंह पर अंगुली रखकर चुप रहने का इशारा किया। दबे पांव बाहर आई। देखा दूसरे कमरे में शेर आ गया है। शेर का मुंह दीवार की तरफ था। चैताली ने हिम्मत से काम लिया। उसने सावधानी से कमरे की दोनों कुंडी झट से बंद कर दी। लंबी सांस ली और तुरंत वन विभाग के दफ्तर में फोन कर दिया। चैताली को पता था कि शेर आदमी से ज्यादा होशियार नहीं होता।

सोनिया को किसी से भी शेर के बारे में कुछ बताने से मना किया, लेकिन वह चैताली के घर से बाहर निकली और बाहर आकर उसने अपने घर वालों को शेर के बारे में बता दिया। सोनिया के घर वालों ने पास-पड़ोस में कह दिया। चैताली भी अपने घर के बराबर वाले मकान में आ गई। उधर गांव वाले लाठी-डंडे लेकर आ गए। चैताली ने सबके सामने आकर सबको रोका, 'आप लोग बिल्कुल शोर मत करें। पिछली बार गांव में जब शेर आया था, सबने उसका पीछा कर उसे जख्मी कर दिया। शेर खेतों में छिप गया, वन विभाग वालों को भी नहीं मिला। डर के मारे बच्चे कई दिनों तक स्कूल पढ़ने नहीं गए। बड़ी मुश्किल से वन विभाग वालों ने शेर पकड़ा।' चैताली ने आगे बताया, 'मैंने फोन कर दिया है, वन विभाग वाले आते ही होंगे।'

तभी चैताली के माता-पिता भी वहां आ गए। कभी शेर की आवाज आती, सब डर जाते लेकिन चैताली नहीं डरती। जल्द ही वन विभाग वाले आ गए। साथ में शेर को बंद करने वाला कटघरा भी लाए थे। आते ही सारे कर्मचारियों ने अपनी पोजीशन ले ली और बहुत ही सतर्कता से शेर को पिंजरे में ले लिया। पिंजरे में आकर शेर जोर-जोर दहाड़ा। अब गांव वाले नहीं डरे।

वन विभाग के अफसर ने चैताली के साहस की खूब प्रशंसा की। उन्होंने कहा, 'चैताली के साहस की जितनी प्रशंसा की जाए, कम है। अगर शेर को देखकर चैताली बस्ती में भागती, शेर उसके पीछे भागता, चैताली घायल होती या कोई गांव वाला या फिर शेर ही घायल हो जाता। पता नहीं शेर कब पकड़ा जाता। इस संकट की घड़ी में भी चैताली ने जिस धीरज, समझदारी और साहस का परिचय दिया। वह अपने आप में एक मिसाल बन गया है।'

सबने ताली बजाकर चैताली को शाबाशी दी। वह भी बहुत खुश थी। कुछ दिनों बाद तहसील में हुए कार्यक्रम में प्रशासन ने चैताली को मेडल देकर सम्मानित किया। चैताली के माता-पिता और गांव वाले सब बहुत खुश थे। *

कविता

सुरेंद्र विक्रम



# पापाजी लाए गुब्बारे

रंग-बिरंगे सजे-धजे, आंखों के लगते सचमुच तारे
जितने सुंदर, उतने प्यारे, पापाजी लाए गुब्बारे।
ये अपनी धुन के पक्के हैं
कभी नहीं घबराते जी।
गैस भरी हो थोड़ी भी तो
सरपट दौड़ लगाते जी।
सचमुच कभी नहीं थकते, ये चलते पांव-पसारे
जितने सुंदर, उतने प्यारे, पापाजी लाए गुब्बारे।
सीधे-सच्चे, मन के अच्छे
जन्मदिवस पर सजते जी।
बिल्कुल केक नहीं खाते
बस फट-फटकर बजते जी।
इतने खुश रहते मानो, बढ़कर छू लेंगे चांद-सितारे
जितने सुंदर, उतने प्यारे, पापाजी लाए गुब्बारे।

## रंग भरो-185

**रंग भरो-185** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आशना, जांजगीर



वेदिका, बालोद



इज्यान, सूरजपुर



लक्षिका, कोरबा



अदिति, बंजारी




रेयांश, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

अतुल-कवर्धा, डिंपल-दुर्ग, रवि-बिलासपुर, सानवी-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, कविता-कटनी, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, खुशी-कोरबा

## रंग भरो 186

बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में चिंटू और मिंकी स्लाइड पर फिसल रहे हैं। इस चित्र को तुम मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप

### बारोटा में करवाया सेमिनार का आयोजन

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्ज कालेज के रोड सेफ्टी क्लब के तत्वावधान में अकबरपुर बारोटा स्थित पीएम राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सेमीनार का आयोजन किया गया, जिसमें रोड सेफ्टी अवेयरनैस तथा नेचुरल डिजास्टर मैनेजमेंट विषय पर छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने सफल आयोजन की बधाई दी।

### तहसीलदार-नायब तहसीलदार अवकाश पर, आमजन परेशान

**खरखौदा।** तहसील कार्यालय में इन दिनों सन्नाटा पसरा हुआ है। वजह यह है कि तहसीलदार और नायब तहसीलदार दोनों का एक साथ स्वास्थ्य कारणों से अवकाश पर जाना है। नतीजतन आम जनता को अपने जरूरी कामों के लिए बार-बार चक्कर काटने पड़ रहे हैं। इंतकाल, कोर्ट केस, बंटवारे और नामांतरण जैसे जरूरी मामलों में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करें

**गोहाना।** पुलिस आयुक्त सोनीपत ममता सिंह के मार्गदर्शन व पुलिस उपायुक्त गोहाना भारती डबास के नेतृत्व में गोहाना पुलिस ने शुक्रवार को यातायात नियमों और नशाखोरी के प्रति जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के तहत ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज निरीक्षक जयभगवान व उनकी टीम ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना और सत्यानन्द पब्लिक स्कूल गोहाना में छात्रों को यातायात नियमों की अहमियत और नशे के दुष्प्रभाव बताए।

### सरकारी योजनाओं का जागरूकता मेगा कैंप

**सोनीपत।** नगर निगम मेयर राजीव जैन के कार्यालय पर सैकड़ों योजनाओं को लेकर मेगा जागरूकता कैंप आयोजित किया गया। कैंप में 500 से ज्यादा संख्या में शहरवासियों ने लाभ उठाया। इस अवसर पर सरकार की ओर से परिवार पहचान प्राधिकरण के स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ.सतीश खोला ने कैंप का मुआयना कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

### कैंसर जागरूकता पर कार्यशाला का आयोजन

**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 18 सितम्बर को कैंसर के प्रति जागरूकता हेतु एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का सञ्चालन डॉ निशांत मित्तल ( प्रसिद्ध बाल चिकित्सक ) ने किया। शालू वधवा ( एम-जे एँफ़, डी सी एँफ़ प्रोजेक्ट्स लायंस क्लब ), रोज़ी लूथरा ( अध्यक्ष - लायंस क्लब ) भी इस दौरान उपस्थित रहे।

### ताइक्वांडो में लिटल एंजल्स स्कूल का शानदार प्रदर्शन

**सोनीपत।** सितंबर माह में यूपी के अमनीव विजन स्कूल, इटावा में आयोजित सीबीएसई नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 में लिटल एंजल्स स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपने विद्यालय व जिले का नाम रोशन कर दिया। इस चैंपियनशिप में हर्षित ने स्वर्ण पदक और हिमांग पाथरिया ने रजत पदक प्राप्त कर अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

### ट्रैफिक नियमों के प्रति किया जागरूक

**सोनीपत।** बृहस्पतिवार को ट्रैफिक पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल, असावरपुर और गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मुरथल अड्डा में आयोजित किया गया। अभियान के दौरान ट्रैफिक थाना मुरथल प्रभारी निरीक्षक कर्मबीर सिंह और उनकी टीम ने छात्रों एवं स्कूल स्टाफ को यातायात नियमों का पालन करने के महत्व के बारे में जानकारी दी।

### शनि मंदिर मार्ग की बदहाली पर आप का जोरदार प्रदर्शन

**सोनीपत।** शहर स्थित शनि मंदिर अंडरपास में फैली गंदगी व बार-बार टूटती ड्रेन पर लगी ग्रिल और वर्षों से जारी प्रशासनिक उपेक्षा के खिलाफ आप हरियाणा के सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के अध्यक्ष देवेन्द्र ने विरोध दर्ज करवाया है। देवेन्द्र ने भाजपा के झंडे को कीचड़ और गंदे पानी में गाड़कर विरोध जताया।

*तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन*

# नई चुनौतियों का सामना करने के लिए अपडेट रहना आवश्यक

*कार्यक्रम से नई दृष्टि और नई कार्यशैली अपनाने की प्रेरणा मिली*

**प्रशिक्षण अनुशासन व संस्थागत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल**




गोहाना। प्रशिक्षकों को प्रमाण पत्र भेंट करते कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि), खानपुर कलां में गैर शिक्षक कर्मचारियों के लिए चल रहे तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का गुरुवार को समापन हो गया। विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ व ट्रेनिंग सेल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम के समापन समारोह की अध्यक्षता प्रो. अशोक वर्मा ने की। कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने कहा कि यह प्रशिक्षण केवल औपचारिक प्रक्रिया नहीं था अपितु यह हमारी कार्यकुशलता, अनुशासन और संस्थागत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। आज के समय में बदलती चुनौतियों का सामना करने के लिए कर्मचारियों का समय-समय पर अपडेट रहना अत्यंत आवश्यक है। इस कार्यक्रम से कर्मचारियों को अपने कार्यक्षेत्र में नई ऊर्जा, नई दृष्टि और नई कार्यशैली अपनाने की प्रेरणा मिली। कार्यक्रम में विवि कंप्यूटर सेंटर की निदेशक डॉ. सोनल बेनीवाल, ट्रेनिंग सेल के नोडल अधिकारी कुलदीप सिंह व प्रशिक्षक सुनील कुमार मौजूद रहे।

### व्याख्यान का आयोजन

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विवि के कन्या गुरुकुल वमावि में पोषण माहः 2025 के अंतर्गत एमएसएम इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद द्वारा सही पोषण, स्वस्थ जीवन विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या सुमिता सिंह ने की। मुख्य अतिथि एमएसएम संस्थान के प्राचार्य डॉ. एपी नायक थे। डॉ. नायक ने छात्राओं को संबोधित करते कहा कि पोषण माह 2025 का आधिकारिक फोकस जीवन के प्रथम 1000 दिनों पर है। इन दिनों में मातृ एवं शिशु पोषण को बढ़ावा देना तथा डिजिटल पोषण ट्रैकर के उपयोग को प्रोत्साहित करना शामिल है।

# कूड़े के ढेर से आमजन परेशान

- बरसात होने पर बदबू से दाह संस्कार के समय लोगों व दुकानदारों जीना दूभर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई



राई। कूड़े के ढेर को लेकर रोष व्यक्त करते हुए दुकानदार व स्थानीय लोग।

बहालगढ़ में खेवड़ा रोड पर शमशान घाट के पास नगरनिगम द्वारा लगाए गए कूड़े के ढेर से लोग परेशान है। बरसात होने पर बदबू से दाह संस्कार के समय लोगों व पास के दुकानदारों जीना दूभर हो जाता है। वहीं दुकानदारों का कहना कि उनकी कोई सुनने वाला नही है। अब सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान चलाया जा रहार है। उन्हें उम्मीद है कि अब तो उनकी कोई सुनेगा ताकि इस गंदगी के ढेर से निजात मिल जाए। यहीं से विभिन्न गांवों के जाने वाले लोग जाते है। दीपक बंसल, प्रदीप बंसल, सुनील चौहान, कप्तान, ईश्वर, आदि दुकानदारों ने रोष व्यक्त करते हुए कूड़े के ढेर को हटाने की मांग की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान की सरकार के दावों की यह कूड़े का ढेर पोल खोल रहा है लेकिन इसाके प्रति नगर निगम के अधिकारी भी गंभीर नही है। उनका कहना कि अब देखना है कि क्या दुकानदारों द्वारा मांग करने के बाद उन्हें गंदगी के ढेर से निजात मिलेगी। उन्होंने बताया कि बरसात होने पर इतनी गंदगी बदबू आती है कि लोगों का जीना दूभर हो जाता है।




रोटरी क्लब ऑफ गन्नौर रॉयल पदाधिकारी छात्रों को पाठ्य सामग्री वितरित करते हुए।

### छात्रों को पाठ्य सामग्री वितरित की

**गन्नौर।** रोटरी क्लब ऑफ गन्नौर रॉयल द्वारा राजकीय प्राथमिक पाठशाला लालगढ़ी मे जरूरत छात्रों को पाठ्य सामग्री वितरित की गई। अध्यक्षता क्लब के प्रधान प्रवीण मित्तल ने की। प्रोजेक्ट के चेयरमैन नंदकिशोर त्यागी और सचिन वधवा ने बताया कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है और यदि समाज मिलकर शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देगा तो देश का भविष्य निश्चित रूप से सुनहरा होगा। क्लब के सचिव नितिन बंसल ने कहा कि रोटरी क्लब समय-समय पर ऐसे सामाजिक कार्य करता रहता है। उनका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी बच्चे की पढ़ाई केवल इस कारण से न रुके कि उसके पास जरूरी पाठ्य सामग्री उपलब्ध नहीं है।स्कूल के प्रधानाचार्य सुनील कुमार ने रोटरी क्लब के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में क्लब के सदस्य जतिन जैन, अजय त्यागी, अनुज बंसल, अंकित गोयल, संदीप वर्मा, नितिन जैन, दिव्य गुप्ता, मुकुल बंसल और सागर बत्रा सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### शिविर में 59 नागरिकों ने कमाया रक्तदान का पुण्य

**गोहाना।** गुरुवार को गोहाना-महमूदपुर मार्ग स्थित विजय मोटर्स कार्यालय परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर परिवार की बेटी गिरीषा के 12वें जन्मदिन पर आयोजित हुआ जिसमें 59 नागरिकों ने रक्तदान का पुण्य कमाया। रक्तदान शिविर के लिए सानिध्य गिरीषा के दादा के भाई दादा सुरेश सैनी और दादी राजबाला सैनी का रहा। अध्यक्षता गिरीषा के माता-पिता अंकित सैनी और पूजा सैनी ने की। दंपति ने शिविर में रक्तदान का पुण्य भी कमाया। संयोजन रोहतास मान का रहा। गिरीषा के परिवार में ताऊ कमलदीप सैनी, चाचा कपिल सैनी, भाई गोविंद सैनी, राजदीप सैनी और नवनीत सैनी ने रक्तदान किया। विशेष रक्तदाताओं में सुरेंद्र सिरसाढ़, बैंक कर्मी सतीश चहल, महिला रक्तदाता सोनिया और मंजू सैनी, नियमित रक्तदाता जसबीर, दीपक, पवन सैनी ने रक्तदान का पुण्य कमाया।



राई। राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व में इनेलो में शामिल होते युवा।

### सम्मान दिवस समारोह 25 को रोहतक में होगाः चौटाला

**राई।** इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व में बुधवार शाम को राई रेस्ट हाउस पर दर्जनों युवाओं ने इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी में आस्था जताई। इस मौके पर जयकरण ठेकेदार गांव रोहना ने कांग्रेस पार्टी छोड़कर इनेलो की सदस्यता ग्रहण की। इसके अलावा इशु दहिया हलालपुर, मोहित राणा फाजिलपुर, जतिन मलिक, तेजस खत्री, विनय खत्री, रूपांशु मलिक, हर्षित पिनाना, नितिन अन्तिल मुरथल, विक्रांत मुरथल, क्रिश कुराड, अरुण कुमासपुर, राहुल शेरावत, लवी बिन्दरौली, अमित, अक्की, निखिल बहालगढ़, साहिल लखन माजरा, हिमांशु जाहरी, निक्की बहालगढ़, रवि पाराशर, रजनीश रोहना, सुधीर दहिया सहित सेकड़ो युवाओं ने कांग्रेस बीजेपी व अन्य पार्टियों को छोड़कर इनेलो में अपनी आस्था जताई। अभय सिंह चौटाला ने सभी पार्टी में शामिल होने वाले युवाओं को आश्वासन दिया कि उनको पार्टी में पूरा मान सम्मान दिया जाएगा।

### विधायक ने वितरित किए आयुष्मान कार्ड

**खरखौदा।** उपमंडल नागरिक अस्पताल खरखौदा में सशक्त नारी–सशक्त परिवार अभियान के तहत बृहस्पतिवार को आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर ने ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं और परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा से जोड़ने का महत्वपूर्ण संदेश दिया। विधायक पवन खरखौदा ने शिविर का उद्घाटन करते हुए कहा कि महिलाओं का स्वास्थ्य सही होगा तो परिवार और समाज अपने आप सशक्त होगा। बताया कि सरकार की मंशा है कि हर वर्ग तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचें। शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सेवाएं दीं। स्त्री रोग, त्वचा रोग, नाक-कान-गला और सामान्य रोग विशेषज्ञों की मौजूदगी ने मरीजों को एक ही स्थान पर परामर्श और इलाज उपलब्ध कराया। करीब 300 लोगों ने शिविर का लाभ उठाया, जिनमें से 130 मरीजों की शुगर, बीपी, मोतियाबिंद और मलेरिया जैसी बीमारियों की जांच की गई।



खरखौदा। एमिनेंट पर्सन का स्वागत करते विधायक पवन खरखौदा।

### कांग्रेस भवन में किया बैठक का आयोजन

**सोनीपत।** सुभाष चौक स्थित कांग्रेस भवन मे रिटायर्ड कर्मचारी कांग्रेस द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष महावीर मलिक ने कहा कि प्रदेश सरकार रिटायर्ड कर्मचारियों के हक और अधिकारों की लुटेरी है। भाजपा सरकार ने प्रदेश के रिटायर्ड कर्मचारियों को सिर्फ परेशान करने का काम किया है। इस अवसर पर विधायक इन्दूराज नरवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव कर्मचारी हितैशी रही है। इसलिए हम कर्मचारियों के हितों की आवाज सड़क और सदन मे जोर शोर से उठाते रहेंगे। जिलाध्यक्ष संजीव दहिया ने उपस्थित पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी रिटायर्ड कर्मचारियों की सभी मांगों का समर्थन करते हर तरह के संघर्ष मे साथ देने का वायदा करती है।




सोनीपत। बैठक के बाद बधाई देते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि



खरखौदा। पौधरोपण करते विधायक पवन खरखौदा। फोटो :हरिभूमि

### बूथ स्तर पर मनाई जाएगी दीनदयाल उपाध्याय जयंती

**खरखौदा।** सांपला रोड पर नपा के चेयरमैन हीरालाल इंदौरा के निजी कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। जिसमें विधायक पवन खरखौदा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कहा एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत जो कार्यक्रम शुरू किए गए है। जिसमें सांस्कृतिक, सामाजिक, शैक्षणिक को बढ़ावा देकर राष्ट्रीय एकता और आपसी समाज को मजबूत करना है। 25 सितंबर को भारतीय जन संघ के संस्थापक और अंत्योदय के महान विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की भी जयंती बूथ स्तर पर मनाई जाएगी और आयुष्मान कार्ड में अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। नवनियुक्त 5 सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन को फूल माला पहनकर स्वागत किया गया।



सोनीपत। बैठक के दौरान मौजूद बुजुर्ग। फोटो :हरिभूमि

### मिठाई बांटकर मनाई खुशी

**सोनीपत।** रोडवेज कर्मचारी यूनियन हरियाणा (रजि. नं. 1004) से संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ के सदस्यों ने बृहस्पतिवार को सोनीपत डिपो में बैठक कर अपने साथी देवेंद्र मान को प्रमोशन की बधाई दी। देवेंद्र मान को 17 सितंबर 2025 को परिचालक से पदोन्नति कर उप निरीक्षक बनाया गया। बृहस्पतिवार को यूनियन की पूरी कार्यकारिणी ने इकट्ठा होकर खुशी जाहिर की और देवेंद्र मान को फूलमालाओं से सम्मानित किया। मौके पर मिठाई बांटकर पदोन्नति का जश्न मनाया गया। इस अवसर पर देवेंद्र मान ने कहा कि वे सदैव विभाग और कर्मचारियों के हित में निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करते रहेंगे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि यूनियन की मजबूती और कर्मचारियों के हक के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। डिपो प्रधान राकेश दहिया आदि मौजूद रहे।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग। फोटो :हरिभूमि

### प्रवचन और देशभक्ति गीतों का आयोजन

**सोनीपत।** आर्य समाज सेक्टर-14 में चल रहे 39वें वार्षिकोत्सव के चतुर्थ दिवस का आयोजन संस्था प्रधान रविन्द्र आर्य की अध्यक्षता में और आचार्य संदीप दर्शनाचार्य के ब्रह्मत्व में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वैदिक प्रवक्ता के रूप में मेरठ से आचार्य वेदपाल आर्य और संगीतरत्न के रूप में पानीपत से रामनिवास आर्य को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक यज्ञ से हुई। आचार्य संदीप दर्शनाचार्य ने प्रवचन में बताया कि प्रत्येक मनुष्य को पाँच महायज्ञों का पालन करना चाहिए – ब्रह्म यज्ञ (परमेश्वर का धन्यवाद और गुणगान), देव यज्ञ (अग्निहोत्र के माध्यम से वातावरण व अंतःकरण की शुद्धि), पितृ यज्ञ अतिथि यज्ञ और बलिवैश्यदेव यज्ञ (निरीह पशुओं के लिए भोजन की व्यवस्था)। यज्ञोपरांत संगीतरत्न रामनिवास आर्य ने शहीद मदन लाल ढींगरा जयंती पर भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, चंद्रशेखर आजाद और अशफ़ाकुल्ला खां की जीवनी से प्रेरित देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए, जिनसे श्रद्धालु भावविभोर होकर अश्रुपूरित हो उठे।

# छात्र सक्षम ने विरासत की हिफाजत पेंटिंग प्रतियोगिता में पाया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर




गन्नौर। विजेता छात्र सक्षम प्रतियोगिता के दौरान अतिथियों के साथ।

अपोलो इंटरनेशनल स्कूल बड़ी के छठी कक्षा के छात्र सक्षम ने विरासत की हिफाजत पेंटिंग प्रतियोगिता (एथनिक इंडिया रिजॉर्ट राय हरियाणा टूरिज्म कॉरपोरेशन हरियाणा)द्वारा एथनिक इंडिया राई में आयोजित प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त करके विद्यालय को गौरवान्वित किया।

सक्षम ने विरासत की हिफाजत पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेकर शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त करते हुए अपने शिक्षकों अभिभावकों का मान-सम्मान बढ़ाते हुए रचनात्मक सोच के कारण रंगों के उम्दा प्रयोग के कारण निर्णायकों का दिल जीत लिया प्रतिभावान विद्यार्थी को परिवार ,शिक्षकों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्याग अनीता यादव ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल किताबों तक सीमित शिक्षा देना नहीं बल्कि बच्चों की छिपी हुई क्षमताओं को निखारना भी होता है। इस मौके पर स्कूल के शिक्षक मौजूद थे।



गोहाना। बलिदानी मदनलाल धींगड़ा के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन करते।

### शहीद मदनलाल धींगड़ा को किया याद

**गोहाना।** गुरुवार बलिदानी मदनलाल धींगड़ा को उनकी 142वीं जयंती पर याद किया गया। उनका श्रद्धांजलि समारोह पुरानी सब्जी मंडी के समीप उन्हीं के नाम से शहीद मदनलाल धींगड़ा पार्क में आयोजित किया गया। मार्गदर्शन आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने किया। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के निदेशक सुरेश सेतिया ने कहा कि मदनलाल धींगड़ा एक देशभक्त एवं धर्मनिष्ठ क्रांतिकारी थे। भारत मां के इस सच्चे वीर सपूत ने दुश्मन के घर इंग्लैंड में कर्जन वायली को गोलियों से भून कर युवाओं में ऐसा जोश भरा की आजादी की चिंगारी को आग में बदल दिया। इस घटनाक्रम के कारण भारत के युवा स्वाधीनता का सपना देखने लगे थे। जयंती समारोह की अध्यक्षता पार्क सुधार सभा के अध्यक्ष जगदीश चिन्दा ने की।

**कार्यक्रम** — सड़क, पानी, स्वच्छता, शिक्षा व स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं हर नागरिक का अधिकारः कादियान

# विधायक ने 6.40 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का किया शिलान्यास और उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



सड़क निर्माण कार्य के शुभारंभ पर विधायक देवेंद्र कादियान का स्वागत करते एक्ईन पंकज गौड व अन्य।

विधायक देवेंद्र कादियान ने वीरवार को विभिन्न गांवों में लगभग 6.40 करोड़ की लागत से बनने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन किया। उन्होंने सबसे पहले तीन सड़कों के निर्माण का शिलान्यास किया गया है। इनमें नया बांस से आहुलाना तक 3180 मीटर लंबी सड़क का निर्माण 276.93 लाख रुपए, आहुलाना से चुलकाना रोड तक 4800 मीटर सड़क पर 180.14 लाख और भिगान गांव में मुख्य सड़क से स्कूल तक 750 मीटर सड़क पर 64.56 लाख खर्च होंगे। इसके साथ ही, खिजरपुर अहीर माजरा गांव में पेयजल आपूर्ति को बेहतर करने के लिए करीब 1 करोड़ 1 लाख 93 हजार रुपए की लागत से नई पाइपलाइन बिछाने, पुरानी पाइपलाइन की मरम्मत और ट्यूबवैल लगाने की योजना का शिलान्यास किया गया।

### ये रहे मौजूद

इसके अलावा जल निकासी की समस्या से निपटने के लिए करीब 19 लाख की लागत से बने दो नालों का उद्घाटन किया गया। कादियान ने कहा कि हमारा प्रयास गन्नौर हलके के संतुलित और समग्र विकास को लेकर है। सड़क, पानी, स्वच्छता, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं हर नागरिक का अधिकार है, और हम सुनिश्चित कर रहे है कि ये सुविधाएं हर गांव तक पहुंचे। आहुलाना सरपंच प्रतिनिधि अजीत सिंह, अहीर माजरा सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र यादव, अनिल कुमार ब्लाक समिति अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

# सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचें, इसका सदुपयोग करें

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विवि के इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग की बीएससी कम्प्यूटर साइंस की छात्राओं द्वारा सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव विषय पर एक प्रभावशाली एवं प्रेरणादायक नाट्य प्रस्तुति देते जागरूकता संदेश दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो. सुषमा जोशी ने छात्राओं की सराहना करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी को सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचकर तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी आधुनिक तकनीकों का सदुपयोग कर आगे बढ़ना चाहिए। इसके बाद ही हम अपने राष्ट्र को प्रगति के मार्ग पर आगे ले सकते हैं। कार्यक्रम संयोजक डॉ विजय मलिक ने बताया कि इस प्रस्तुति का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को सोशल मीडिया के अति उपयोग एवं असुरक्षित प्रयोग से होने वाले हानिकारक परिणामों से जागरूक करना था।

**ग्राम पंचायत, छपरा**
**खण्ड कथूरा, तह. गोहाना**
**जिला सोनीपत, हरियाणा**

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत छपरा खण्ड कथूरा, तह. गोहाना जिला सोनीपत में बीच वाली चौपाल व पंचायत घर के पुराने सामान, ईंट, कड़ी, शहतीर आदि अन्य सामान की खुली बोली 12:00 PM बजे दिनांक 26.09.2025 से हरिजन चौपाल में होनी सुनिश्चित हुई है। इच्छुक बोलीदाता खुली बोली में भाग ले सकते हैं। नियम व शर्तें मौके पर बताई जाएंगी।

हस्ता/-सरपंच
ग्राम पंचायत छपरा
ब्लॉक कथूरा, सोनीपत
मो. 9306693825

